Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 26-04-2005

Participants : Thummar Shri Virjibhai

Title: Need to shift the existing cement factories located in Amreli Parliamentary Constituency in Gujarat to some other place with a view to checking environmental pollution in the area.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोली के अंतर्गत दो सीमेंट फैक्ट्रियां हैं जो अपने वेस्टज को किसानों की जमीनों में फेंक देती है, जिसके कारण किसानों की जमीन बंजर होती जा रही है और इन दोनों फैक्ट्रियों से इतना डस्ट निकलता है कि लोगों के स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा खतरा बन गय है। इस संबंध में वन एवं पर्यावरण मंत्री जी को अनेक पत्र लिख चुका हूं परन्तु अभी तक इन दोनों सीमेंट फैक्ट्रियों द्वारा पैदा किये जा रहे प्रदूाण को रोका नहीं जा सका है। साथ ही दोनों सीमेंट फैक्ट्रियों द्वारा ट्रकों में 25 हजार टन माल ढोया जाता है जबकि ट्रकों पर केवल 15 हजार टन माल ढोने का नियम है, जिसके कारण यहां की सभी सड़के खराब हो गयी है। इन दोनों फैक्ट्रियों से गिरि वन क्षेत्र को भी बहुत नुकसान हो रहा है। इन सब कारणों से इन दोनों फैक्ट्रियों को किसानों के हित एवं वन क्षेत्र के बचाव के लिए हटाना जरूरी है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि दोनों सीमेंट फैक्ट्रियों को यहां से हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित किया जाये, जहां पर इनके प्रदूाण से वातावरण खराब न हो सके।